

नवभारत
भोपाल, सोमवार 05 जनवरी, 2026

# 7 मिनिट में 20 लाख की चोरी, 10 किलो चांदी, 10 तौला सोना हुआ चोरी

**खास बातें**

- दुकान की शटर को जेक से उठाया, चैनल गेट के ताले तोड़े
- चौकीदार को पीटा, 7 दिन से कर रहे थे रैकी, आधी रात को दिया वारदात को अंजाम
- 15 मिनिट पहले ही गश्त करके निकली थी पुलिस, तब कोई नहीं दिखा
- रेलवे लाइन पर मिले जेवरात के खाली डिब्बे, सभी ने बांध रखे थे नकाब



नवभारत न्यूज

**विदिशा, महज 7 मिनिट के भीतर ही 20 लाख से ज्यादा की चोरी की वारदात कों अंजाम देकर चोर फरार हो गए. संभवता बाहर से आए करीब 1 दर्जन लोगों के इस गिरोह ने चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया है.चोरी में करीब 10 किलों चांदी और 10 से 12 ग्राम सोना और 10 से 15 हजार रुपए नकदी चोरी हुए हैं.यह पूरी वारदात दुकान के बाहर और भीतर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है.**

चोरी के पहले बदमाशों ने दुकान की चौकीदारी के लिए तैनात कर्मचारी के साथ मारपीट भी की थी. वहीं मदद के लिए आए दूसरे दुकान के गार्ड को भी मारा . रात में ही दुकान मालिक को चोरी की घटना के बारे में सुरक्षा गार्ड ने जानकारी दे दी थी. जिसके बाद रविवार की सुबह कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फिंगर प्रिंट लिए साथ ही डॉग स्वाक्ड को भी घटना स्थल पर लाया गया.शहर के सेंटर पांइट खरीफाटक रोड मुख्य मार्ग पर स्थित अरिहंत ज्वलर्स पर शनि-रविवार की दरमियानी रात करीब 10 से 12 लोगों का गिरोह दुकान पर पहुंचा जहां पर सबसे पहले इस गिरोह ने सुरक्षागार्ड पर गुलेल से निशाना साधकर घायल कर दिया. जिसके बाद शटर के नीचे जैक लगाकर शटर को उठाया और उसके बाद लोहे की मोटी रॉड से शटर को तोड़ा. वहीं शटर के अंदर लगे चैनट गेट को भी तोड़ गया. काउंटर के शौकेस में रखे चांदी के जेवरात निकाले. वहीं अलग अलग 3 पैकेटों में रखी चांदी भी चुरा ली. इसके अलावा सोने के जेवरात जिनका वजन करीब 10 से 12 तौला होगा उसे भी चुरा ले गए. चोरी की इस पूरी वारदात को अंजाम देने के लिए इस गिरोह को सिर्फ 7 मिनिट का समय लगा.

### 7 दिन से कर रहे थे रैकी, फिर भी पुलिस नहीं हुई एक्टिव

बताया गया कि करीब 7 दिन पहले इस दुकान के आसपास कुछ संदिग्ध लोग नजर आए थे जो दुकान की रैकी कर रहे थे. आशंका होने पर दुकान संचालक ने संदिग्ध लोगों से दुकान के आसपास भटकने का कारण भी पूछा था लेकिन वह कोई जबाव नहीं दे सके. इस बात की शिकायत दुकान संचालक ने पुलिस से भी की थी और पूरा घटनाक्रम पुलिस को बताया था. इतनी जानकारी देने के बाद भी पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई और चोरी की यह बड़ी वारदात हो गई.दुकान संचालक के मुताबिक जिस समय चोरी हुई थी उसके करीब 15 मिनिट पहले ही पुलिस की गश्त टीम दुकान के सामने से निकली थी लेकिन पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नजर नहीं आया.बताया गया कि दुकान के पिछले हिस्से के पीछे पटरी हैं और बीच में एक दीवार है जहां से चोरो ने दुकान के पास गली में जगह बनाई होगी. मौका देखकर इस चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया. ज्वेलरी की दुकान से जो जेवरात चोरी हुए थे उसके कुछ पैकेट पटरी के आसपास भी दिखाई दिए हैं.

### बाहर से आया गिरोह,पुलिस की 20 टीम कर रही जांच

बताया गया कि इस चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए गुना के आसपास के इलाके का गिरोह हो सकता है. सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है जिसमें पुलिस को कई अहम सुराग भी मिले है. इस चोरी की वारदात को ट्रेस करने के लिए 20 टीमे बनाई गई हैं. जिनको रवाना कर दिया गया. वहीं सायबर सेल की मदद भी ली जा रही है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा. एएसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि मौके पर मिले सुराग के आधार पर पुलिस टीम काम कर रही हैं. कुछ टीमों को जिले के बाहर भी भेजा गया है. जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

**एक नजर में**

### नर्सरी से 5वीं तक के स्कूलों में 5 व 6 जनवरी को रहेगा अवकाश

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश में शीतलहर एवं तापमान में आई गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए विदिशा जिला अंतर्गत संचालित शासकीय, अशासकीय, सी.बी.एस.ई., आई.सी.एस.ई., मदरसा बोर्ड, माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं समस्त बोर्ड से संबंधित विद्यालयों की कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 वीं तक के छात्र, छात्राओ का विद्यालय में 5 जनवरी से 6 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है. आदेश में उल्लेखित है कि अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियां यथा परीक्षा आदि पूर्ववत संचालित रहेगी.

### क्रांतिकारी विष्णु गणेश पिंगले को किया याद

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में क्रांतिकारी विष्णु गणेश पिंगले की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि विष्णु गणेश पिंगले भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक क्रांतिकारी थे. उन्होंने रासबिहारी बोस और सचिन सान्याल जैसे नेताओं के साथ मिलकर गदर विद्रोह का आयोजन किया. जिसका उद्देश्य ब्रिटिश शासन के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह को जन्म देना था. विजय बाबू यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये.

## विजया मंदिर विदिशा की खोई विरासत के पुनरुद्धार की गूंज



नवभारत न्यूज

**विदिशा ,** विदिशा की प्राचीन और गौरवशाली सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक बीजामंडल (विजया मंदिर) को लेकर एक बार फिर जनमानस में उत्साह देखने को मिल रहा है. जालोरी गार्डन में जन चेतना मंच ने आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रशासनिक व जनप्रतिनिधियों ने इसके ऐतिहासिक महत्व और सरकारी मान्यता की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला.

### 'विजया मंदिर' नाम से सरकारी पहचान की मांग

पूर्व आईएएस अधिकारी सुरेश जैन ने कहा कि विजया मंदिर का इतिहास अत्यंत प्राचीन है और सरकारी दस्तावेज़ों से मस्जिद शब्द हटाकर इसे उसके मूल नाम से मान्यता दी जानी चाहिए. उन्होंने 1992 की खुदाई का उल्लेख करते हुए बताया कि उस दौरान सहस्त्रों देवी-देवताओं के विग्रह प्राप्त हुए थे, जो इसके मंदिर स्वरूप की पुष्टि करते हैं.

### 1992 की खुदाई- मलबे से निकलीं लगभग 2000 मूर्तियां

कार्यक्रम में पूर्व कलेक्टर सुरेश जैन ने बताया कि लंबे समय तक सांप्रदायिक संवेदनशीलता के कारण यहां खुदाई नहीं हो सकी थी. 1992 में लिखित आदेश जारी कर खुदाई कराई गई, जो चार दिन चली. इस दौरान स्थानीय मीडिया की सकारात्मक भूमिका से कोई विवाद नहीं हुआ और लगभग 2000 प्राचीन मूर्तियाँ प्राप्त हुईं. इनकी जानकारी तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा को दी गई, जिन्होंने इस पर प्रसन्नता व्यक्त की थी. वर्तमान में कई मूर्तियां दिल्ली और भोपाल के संग्रहालयों में सुरक्षित हैं.

### संसद से अयोध्या तक बीजामंडल की चर्चा

पूर्व सांसद राघव जी ने बताया कि उन्होंने संसद में प्रश्न उठाकर सरकार से मूर्तियों की मौजूदगी पर लिखित उत्तर प्राप्त किया. उनका कहना है कि भारत के नए संसद भवन और अयोध्या राम मंदिर की वास्तुकला में बीजामंडल की झलक देखी जा सकती है. उन्होंने मांग की कि अयोध्या की तर्ज पर विदिशा में भी बीजामंडल का भव्य पुनर्निर्माण किया जाए. बीजामंडल का पुनर्निर्माण केवल एक इमारत नहीं, बल्कि विदिशा के गौरव को वापस लाने का संकल्प है. रामलीला मैदान को लेकर ऐतिहासिक निर्णय सुरेश जैन ने अपने कार्यकाल के एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय का उल्लेख करते हुए बताया कि विदिशा की रामलीला पहले निजी भूमि पर होती थी। उन्होंने इसे शासकीय भूमि घोषित कर रामलीला समिति के अधीन किया, जिससे यह सांस्कृतिक परंपरा निर्बाध रूप से संचालित हो सके. बुद्धिजीवियों और नागरिकों का मानना है कि बीजामंडल का इतिहास यदि समुचित रूप से सामने आए, तो यह विदिशा को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित कर सकता है.पूर्व कलेक्टर और पूर्व सांसद के प्रयासों से यह उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में बीजामंडल पुन: अपने वैभव को प्राप्त करेगा.

## शुभम के सीने में मारा चाकू, हुआ दिल में छेद, मौके पर तोड़ा दम



**खास बातें**

- विवाद का कारण- लड़की को लेकर भटकने पर शुभम ने टोका था
- इसी से नाराज हुआ आरोपी, दी थी देख लेने की धमकी
- शनिवार की रात 8 बजे हुई हत्या की वारदात
- अहमदपुर चौराहे पर लाश रखकर किया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

**विदिशा, शनिवार की रात करीब 8 बजे अहमदपुर रोड स्थित इंद्रप्रस्थ कालोनी के रहने वाले 24 वर्षीय शुभम उर्फ नंदू पुत्र रामस्वरूप चौबे की करीब 1 दर्जन लोगों ने चाकूओं से गोद कर हत्या कर दी.**

हत्या की इस वारदात को अंजाम सिर्फ इस बात पर दिया गया. कि शनिवार को की शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच करैयाखेड़ा का रहने वाला युवक एक युवती को लेकर इंद्रप्रस्थ कालोनी में पहुंचा था. जहां पर शुभम अपने घर के बाहर खड़ा हुआ इस दौरान युवक संदिग्ध हालत में घूमने का कारण पूछा तो इस बात पर दोनों की कहा सुनी हो गई. जिसके बाद युवक शुभम को देख लेने की धमकी देकर युवक चला गया. शाम करीब 7 से 730 बजे के बीच युवक अपने करीब एक दर्जन साथियों के साथ बाइकों से वापस इंद्रप्रस्थ कालोनी में शुभम को तलाशते हुए पहुंचे जहां पर शुभम एक घर के बाहर दिख गया. हमलावर युवकों ने से एक युवक ने शुभम के गले में हाथ डाला तो वहीं दूसरे युवकों ने उस चाकूओं से हमला करना शुरू कर दिया. इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में हत्या की पूरी वारदात कैद हो गई. यह वीडियो क्लिप करीब 58 सेकेंड का है जिसमें हमलावर युवक बाइक से आते हुए दिखाई देते हैं और वारदात को अंजाम देकर भागते हुए नजर आ रहे हैं.घायल शुभम को इलाज के लिए अस्पताल पहुचाय गया जहां पर उसकी जांच कर मृत घोषित कर दिया. जानकारी लगने पर सिविल लाइन पुलिस और एएसपी भी मौके पर पहुंच गए. इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई. जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली. एएसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि नामजद 11 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. 6 संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है जल्दी ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

### अपराधियों का गढ़ बन गया करैयाखेड़ा

पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर का कहना है कि शहर में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है अपराधियों में पुलिस का खौफ नहीं बचा है. करैयाखेड़ा इलाके में कई गैर कानूनी काम होते हैं यहां पर अवैध शराब और ड्रग्स पावडर की तस्करी जमकर हो रही है. आए दिन इस इलाक में मारपीट की घटनाएं सामने आती रहती हैं. प्रदर्शन के दौरान मौजूद एडवोकेट दीपक वाजपेयी ने बताया कि शुभम बेहद सीधा सादा लड़का था जिसका किसी से किसी तरह का कोई विवाद नहीं थी. इलेक्ट्रिक सामान की रिपयेरिंग करके परिवार पाल रहा था.शुभम का बड़ा भाई प्रायवेट स्कूल में टीचर है. प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मांग की है कि शुभम के परिवार को 10 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाए. चक्काजाम की जानकारी लगने पर एएसपी प्रशांत चौबे, तहसीलदार और सीएओ ने समझाईस देकर मामले को शांत कराया. वहीं पूरे मामले की जांच की बात कही गई.

### 3 बजे से चौराहे पर किया चक्काजाम, सैकड़ों वाहन फंसे रहे

शुभम की हत्या से आक्रोशित परिजन और इंद्रप्रस्थ कालोनी के रहवासियों ने शव का पीएम कराकर अंतिम संस्कार किए लिए मुक्तिधाम ले जा रहे थे. इसी दौरान सैकड़ों लोगों ने शुभम के शव को अहमदपुर चौराहे पर बाबा साहब की प्रतिमा के सामने सड़क पर रख कर चक्काजाम कर दिया. दोपहर करीब 3 बजे से शुरू हुआ चक्काजाम 4.30 तक चलता रहा. जो लोग प्रदर्शन कर रहे थे. उनकी मांग थी कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए. जो आरोपी हत्या में शामिल हैं उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जाए. प्रदर्शन के दौरान पुलिस की नाकामी के भी नारे लगाए गए.चक्कजाम के दौरान सड़क के तीनों तरफ सैकड़ों वाहनों की कतार लग गई. जिसमें दो एंबुलेंस भी फंसी रही. जिन लोगों को जल्दबाजी थी उन वाहन चालकों ने अपने रास्ते बदल लिए और वायपास से निकल गए.



## परिचय सम्मेलन को लेकर हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**पठारी,** कुशवाहा महासभा ने पठारी तहसील स्तरीय बैठक का आयोजन खुरई रोड गेंदा बाग सभागृह में किया गया जिसमें युवक युवती परिचय सम्मेलन के विषय में चर्चा की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह जिला अध्यक्ष मनोज कुशवाह जिला महामंत्री कैलाश कुशवाह ने समाज में हो रही कृतियों को दूर करने एकजुट रहने एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन पर चर्चा की गई. इस दौरान पठारी तहसील के अध्यक्ष राजेश कुशवाह सचिव सुनील कुशवाहा एवं तहसील उपाध्यक्ष चंदन कुशवाहा सुनील कुशवाहा महामंत्री रामप्रसाद कुशवाह सदस्य प्रकाश कुशवाह संगठन मंत्री कमल कुशवाहा पहलाद कुशवाहा आदि उपस्थित रहे.

## क्रिकेट टूर्नामेंट में साईं क्लब रही विजेता,जलगांव की टीम रही उपविजेता

**लेदर बॉल क्रिकेट टीम का फाइनल**



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को हुए फाइनल मुकाबले में गुना की साईं क्लब विजेता रही. उसने जलगांव के जुनेद क्लब को 74 रन से हराया. वहां प्रतियोगिता में गुना के सुजल वर्मा मैच ऑफ द सीरीज चुने गए. इस मौके पर जिला प्रभारी मंत्री लखन पटेल एवं विधायक उमाकांत शर्मा ने शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया.** जानकारी के अनुसार फाइनल में गुना की साईं क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 199 रन बनाए. जिनका पीछा कर रही जलगांव के जुनेद क्लब 15.5 ओवर पर ही आल आउट हो गई. इस तरह गुना के सांई क्लब ने जलगांव को 74 रन से हराते हुए ट्राफी पर कब्जा किया. इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलो को बढ़ावा दे रही है. पहले बड़े शहरों से ही नामी खिलाड़ी निकलते थे, लेकिन अब सरकार के प्रोत्साहन के बाद छोटे गांव शहरों के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवा रहे हैं. विधायक उमाकांत शर्मा ने लटेरी में सुविधायुक्त खेल मैदान एवं सिरोंज के सांदीपनि स्कूल के मैदान के किनारे पुराने शनिचरा नाले पर भी स्टेडियम की तरह सीढ़ियां बनवाने की मांग प्रभारी मंत्री से की. जिस पर मंत्री लखन पटेल ने खेल मंत्रालय के माध्यम से चार करोड़ की लागत से बनने वाले इनडोर स्टेडियम के निर्माण की घोषणा की. इस दौरान प्रभारी मंत्री ने फाइनल मैच खेल रही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया. कार्यक्रम में माधव ग्रुप द्वारा शहर के पूर्व खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया.

### गुना के सुजल वर्मा बने मेन ऑफ द सीरीज

साईं एकेडमी के खिलाड़ी सुजल वर्मा ने अनेक पुरस्कार जीते. टूर्नामेंट के पूरे मैचों में शानदार प्रदर्शन करने के लिए साईं एकेडमी गुना के सुजल वर्मा को स्कूटी मिली. साथ ही फाइनल मेन ऑफ द मैच के लिए मोबाइल प्रदान किया गया. मैच ऑफ द सेमीफाइनल भी सुजल वर्मा रहे. दूसरे सेमीफाइनल का पुरस्कार जलगांव के रजत सुगंधी को दिया गया. बेस्ट बेस्टमैन जलगांव के दीपू, बेस्ट बोलर गुना के दीनू कुशवाह रहे.



## विदिशा पहुंची रैली, एसएटीआई में हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** एनसीसी पीएम रैली के अंतर्गत एनसीसी निदेशालय महाराष्ट्र द्वारा शौर्य के कदम क्रांति की ओर नामक एक विशेष साइकिल अभियान संचालित किया जा रहा है. यह अभियान ऐतिहासिक दृष्टि से वर्ष 1736 में मराठा पेशवा बाजीराव द्वारा दिल्ली पर किए गए आक्रमण के मार्ग पर आधारित है. यह साइकिल रैली पुणे से नई दिल्ली तक आयोजित की जा रही है, अभियान में एनसीसी ग्रुप अमरावती के 12 कैडेट्स शामिल हैं, टीम के साथ 6 सदस्यों की कोर सपोर्ट टीम भी कार्यरत है. यह अभियान कुल 1680 किलोमीटर की दूरी तय करेगा, जो पांच राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगा, जिसमें मध्य प्रदेश भी शामिल है. पुणे के वाड़ा से हुआ, जो 4 जनवरी को विदिशा पहुंची. 16 जनवरी को दिल्ली पहुंचेगा. 26 जनवरी को एनसीसी पीएम रैली के दौरान पीएम द्वारा इस अभियान को फ्लैग इन किया जाएगा.

**चुनाव की आहट** — **फरवरी में हो सकते हैं महासंघ के चुनाव**

## व्यापार महासंघ चुनाव को लेकर व्यापारी संगठन में तकरार

नवभारत न्यूज

**विदिशा, व्यापारी हितों के लिए प्रतिबद्ध प्रतिष्ठित संगठन विदिशा व्यापार महासंघ पिछले करीब एक वर्ष से आंतरिक कलह से जूझ रहा है. महासंघ के चुनाव को लगभग चार वर्ष बीत चुके हैं, जबकि इसके संविधान के अनुसार निर्वाचन तीन वर्ष में होना चाहिए।चुनाव प्रक्रिया को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है. एक पक्ष जहां शीघ्र निर्वाचन और सभी व्यापारियों को संगठन से जोड़ने की मांग कर रहा है, वहीं दूसरा धड़ा वर्तमान व्यवस्था के पक्ष में खड़ा दिखाई दे रहा है. इसी कारण व्यापारी और संगठन दो स्पष्ट गुटों में बंटे नजर आ रहे हैं.**

महासंघ की परंपरा के अनुसार पहले व्यापार से जुड़ी सभी इकाइयों का निर्वाचन होता है, फिर उनसे चुने गए प्रतिनिधियों के मतदान से अध्यक्ष सहित पूरी कार्यकारिणी का गठन किया जाता है. इस प्रक्रिया में विलंब को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। गौरतलब है कि विदिशा व्यापार महासंघ शहर की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है.महासंघ के माध्यम से पुराने जिला चिकित्सालय में डायलिसिस सेंटर का संचालन हो रहा है. इसके अलावा शहर की विभिन्न गतिविधियों, सामाजिक कार्यों और त्योहारों के आयोजन में भी महासंघ और व्यापारियों का सहयोग अहम माना जाता है. अब देखना यह है कि लंबे समय से चली आ रही इस तकरार का समाधान कब निकलता है और चुनाव प्रक्रिया को लेकर स्थिति कब स्पष्ट होती है. व्यापार महासंघ प्रतिनिधि विवेक दुबे ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 4 वर्षों से विदिशा व्यापार महासंघ की एक भी जनरल मीटिंग आयोजित नहीं की गई है. उन्होंने बताया कि संगठन का कार्यकाल समाप्त हुए 1 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है और यह अवधि अघोषित रूप से चल रही है.

### पंजीकृत व्यापारियों को मिले अध्यक्ष चुनने का अधिकार

विवेक दुबे के अनुसार, इस संबंध में कई बार अध्यक्ष को पत्र लिखे जा चुके हैं। पिछली बार अध्यक्ष द्वारा आश्वासन दिया गया था कि जनरल मीटिंग बुलाकर चुनाव की तारीख तय की जाएगी, लेकिन अब बिना जनरल मीटिंग के ही चुनाव से संबंधित सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं, जो नियमों के विरुद्ध है. उन्होंने मांग की कि शहर के गुमास्ता एवं जीएसटी में पंजीकृत लगभग 10 हजार व्यापारियों को अध्यक्ष चुनने का अधिकार मिलना चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव हो सके.

### बैठक हो गई है फरवरी में होंगे चुनाव

इस संबंध में विदिशा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मुन्ना भैया जैन ने कहा कि बैठक हो गई है फरवरी में महासंघ के चुनाव होंगे मुझे तो अब चुनाव लड़ना नहीं है लेकिन मैं व्यापारियों के संगठन का राजनीतिकरण नहीं होने दूंगा . पिछले चुनाव में भी व्यापार महासंघ के चुनाव को राजनीतिक रंग दिए जाने का प्रयास किया गया था जो सफल नहीं हुआ था.

## कनारा मैदान पर हुए पहले मुकाबले में नागपुर बना विजेता

**56वीं कनारा क्रिकेट ट्रॉफी का रविवार को शुभारंभ हुआ**




नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कनारा के मैदान पर शुरू हुए टूर्नामेंट में पहले मुकाबले में नागपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. पहले बल्लेबाजी करने उतरी फेथ क्लब की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया. फेथ क्लब की बल्लेबाजी प्रारब्ध ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 67 रन बनाए.उनके अलावा पृथ्वी राज ने 15, ऋषि ने 23 और गौरव ने 22 रनों का योगदान दिया. नागपुर के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की. कुणाल ने 4 ओवर में मात्र 20 रन देकर 2 विकेट झटके, जबकि अमित यादव ने भी 4 ओवर में 21 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट लिए.170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नागपुर की शुरुआत मिश्रित रही, लेकिन मध्य क्रम ने पारी को संभाला.नागपुर ने 18.5 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया. नागपुर की बल्लेबाजी में दिनेश ने मैच जिताऊ पारी खेलते हुए 53 रन बनाए.वैभव ने नाबाद 44 रनों की आक्रामक पारी खेलकर टीम को जीत की दहलीज पार कराई.इसके अलावा हिमांशु ने 24 और वैभव अन्य ने 20 रन बनाए.भरत 1 रन पर नाबाद रहे.फेथ क्लब की गेंदबाजी फेथ की ओर से युवराज ने 3 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट और आदर्श ने 4 ओवर में 33 रन देकर 2 विकेट लिएए लेकिन वे नागपुर को जीत से नहीं रोक सके इस दौरान प्रभारी मंत्री लखन पटेल, मुकेश टंडन, संदीप सिंह, कैलाश रघुवंशी, राकेश शर्मा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी, वात्सल्य प्रिंसिपल संजय शर्मा, राधिका शरण दास, नरेंद्र जैन, चंद्रकांत गुप्ता, क्लब अध्यक्ष राजेश वर्मा, सचिव नागेंद्र लोधी, क्लब के पदाधिकारीगन व बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति में किया गया.